हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 9 फरवरी 2026



06 19 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों ने निकाली...



07 नर्मदांचल के आंगन मे गूंजा लोणारी कुनबी समाज का...



बढ़चढ़ कर दी राशि

# जैन समाज के श्री वेदी प्रतिष्ठा में चार घंटों में प्राप्त हुए लगभग 71 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर जैन समाज द्वारा नगर में श्री वेदी प्रतिष्ठा आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के द्वितीय दिवस रविवार को नगर स्थित जैन समाज के चैत्यालय में लगाई जाने वाली विविध धर्म सामग्री के लिए लगभग 71 लाख रुपए की राशि दान प्रभावना के रूप में प्राप्त हुई है। सोहागपुर जैन समाज अध्यक्ष अभिषेक जैन मुन्नू भैया ने बताया कि सात फरवरी से शुरू हुए तीन दिवसीय आयोजन का समापन आज सोमवार नौ फरवरी को होगा। आयोजन में रविवार को दान प्रभावना का कार्यक्रम चरणशः संपन्न हुआ। जिसमें श्री वेदी के आसपास लगाए जाने वाले मंगल कलशों, ध्वजों, धात्विक ध्वज, शिखर कलश आदि की बोली लगाई गई।

### चार घंटे में ही लगभग 71 लाख रुपए

लगभग चार घंटे दान प्रभावना का आयोजन चला। जिसमें समूचे भारत से एकत्र हुए जैनियों ने धर्म प्रतीक सामग्रियों के लिए बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए अधिक से अधिक बोली लगाई। दान प्रभावना अर्थात बोली के इस क्रम में चार घंटे में ही लगभग 71 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई है। इस राशि का उपयोग सोहागपुर जैन समाज के चैत्यालय के उद्धारार्थ व जैन समाज की धर्मशाला के निर्माण में होगा। इस दौरान समूचे मध्य प्रदेश से तो जैन समाज के नागरिक आए ही थे, अपितु भारत के विविध प्रांतों से भी लोग सम्मिलित हुए।

### धर्म प्रतीकों लिए मिली राशि

आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार वेदी जी के आसपास लगाए जाने वाले पांच मंगल ध्वजों के लिये लगभग 1 लाख 11 हजार रुपये प्राप्त हुए। वेदी के 4 आर्च में प्रत्येक आर्च पर तीन मंगल कलश स्थापित होंगे। इन 12 मंगल कलशों के लिये लगभग 10 लाख 61 हजार रुपये प्राप्त हुए हैं। श्री वेदी के आसपास ईशान, आग्नेय, नैऋत्य एवं वायव्य दिशाओं में गुंबद मंगल कलशों के लिए लगभग 12,88,000 रुपये दान प्रभावना में प्राप्त हुए। वेदी के प्रमुख कलश के लिये 15,15,515 रुपये की दान प्रभावना प्राप्त हुई। चैत्यालय शिखर कलश के सखी कलशों की दान प्रभावना राशि लगभग 3,81,209 रुपये प्राप्त हुई। पंचद्वारी के तीन कलशों की राशि रुपये 1,11,111 रुपये प्राप्त हुई। मुख्य धात्विक ध्वज के लिये 5,11,000 रुपये राशि प्राप्त हुई। वहीं शिखर कलश के लिये 22,22,222 रुपये की राशि बोली में दान प्रभावना में प्राप्त हुई।

### निकाली श्री पालकी जी शोभायात्रा



दान प्रभावना व पात्र भावना आयोजनों उपरांत देनवा गार्डन से जैन चैत्यालय तक श्री पालकी जी का अति भव्य चल समारोह किया गया। दान प्रभावना में सम्मिलित की गई समस्त सामग्रियों को भी चल समारोह में सम्मिलित किया गया। श्री पालकी जी में वे सभी ग्रंथ स्थापित किए गए जो श्री वेदी जी में प्रतिष्ठित होंगे। श्री पालकी जी चल समारोह की अगुवाई जैन मुनियों सहित समस्त धर्मों के गुरुओं के द्वारा की गई। नगर के विविध स्थान पर सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों की ओर से चल समारोह में सम्मिलित जैन मुनियों, धर्म गुरुओं व क्षेत्रवासियों का जलपान से स्वागत किया गया। वहीं पीले चावलों की वर्षा कर चल समारोह के प्रति पूर्ण आस्था के साथ अभिनंदन का भाव प्रकट किया गया। श्री पालकी जी चल समारोह का समापन जैन समाज चैत्यालय में हुआ।

### समापन दिवस आज

सोहागपुर जैन समाज से प्राप्त जानकारी अनुसार इस तीन दिवसीय महा महोत्सव के मांगलिक कार्यक्रम आज संपन्न होंगे। आज सोमवार को वेदी सूतन, तिलक महा महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज सोहागपुर ने धर्म प्रेमी जनता से सभी धार्मिक आयोजनों में उपस्थिति की अपील की है। उल्लेखनीय है कि तीन दिनों का यह आयोजन सोहागपुर नगर की शासकीय कन्या शाला के पीछे स्थित एक बड़े मैदान में आयोजित किया गया। जहां आयोजन स्थल को मेला परिसर का स्वरूप दिया गया था। आयोजन स्थल में वृहद भोजशाला भी निर्मित की गई। जहां जैन समाज के नियमों का पालन करते हुए आगंतुकों ने भोजन प्राप्त किया। इस दौरान इस बात का ध्यान रखा गया कि भोजशाला में पदवेश सहित पहुंचने की अनुमति नहीं दी गई।

## खबर संक्षेप

### रामजी बाबा मेले में उमड़ा जनसैलाब

**नर्मदापुरम।** रविवार को छुट्टी को दिन होने के कारण जिलेभर से लोग रामजी बाबा मेले घूमने पहुंचे। इस दौरान पहले संत शिरोमणि रामजी बाबा के दरबार में माथा टेका बाद में मेले का आनंद लिया। दोपहर में करीब 12 बजे से ही लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। जो शाम होते-होते हजारों में तब्दील हो गई। बच्चों ने मेले में झूलों का आनंद लिया तो महिलाओं ने अपने लिए श्रृंगार का सामान खरीदा।

### सदर बाजार की सड़क रही जाम युक्त

**नर्मदापुरम।** यातायात विभाग और नगर पालिका के आपसी समन्वय से रविवार को लगने वाला सब्जी बाजार-कोठी बाजार सड़क लगाया। जिससे सदर बाजार की सड़क पर यातायात का दबाव पहले की तरह रविवार को भी जाम की स्थिति निर्मित हुई। वहीं रविवार को कलेक्ट्रेट परिसर सहित अन्य विभागों में छुट्टी होने के कारण सब्जी बाजार में वाहनों की भीड़ कम पहुंची लेकिन रविवार को शहरों की सभी सड़कें खासकर बाजार से जुड़ी पर जाम ही जाम नजर आया। सबसे अधिक दिक्कत नेहरू पार्क के सामने हुई। जहां पार्क आने वाले लोगों के वाहनों को निकालने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। इसके अलावा मीनाक्षी चौराहा, विवेकानंद घाट सभी पर जाम था। इसका मुख्य कारण शहर में हो रही शादियां भी रहीं, जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित हुई।

शिक्षा बढ़ी, संयम घटा: शहरों में बढ़ती अभद्र भाषा

# शहरों में बढ़ती असभ्यता, गाली-गलौच बन रही नई पहचान

शहरों को सभ्यता और संस्कार का केंद्र माना जाता रहा है, लेकिन आज वही शहर अभद्र भाषा और असंयमित व्यवहार की प्रयोगशाला बनते जा रहे हैं। पुलिस आंकड़े साफ संकेत देते हैं कि गाली-गलौच और जान से मारने की धमकियों के मामले गांवों से ज्यादा शहरों में बढ़े हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समाज में लंबे समय से यह धारणा रही है कि गाली-गलौच और धमकी की प्रवृत्ति ग्रामीण और कम पढ़े-लिखे वर्ग तक सीमित होती है, लेकिन पुलिस के ताजा आंकड़े इस सोच को पूरी तरह खारिज करते हैं। हकीकत यह है कि गांवों की तुलना में शहरों में गाली-गलौच और जान से मारने की धमकियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।शहरों में रहने वाला पढ़ा-लिखा और तथाकथित सभ्य वर्ग अब छोटी-छोटी बातों पर आपा खोता नजर आ रहा है। गुस्से में गाली देना और धमकी देना आम व्यवहार बनता जा रहा है। इसका नतीजा यह है कि जिले के शहरी थानों में रोजाना ऐसे मामलों की शिकायतें दर्ज हो रही हैं।

### शिक्षा बढ़ी, संयम घटा

जिस शिक्षा को चरित्र निर्माण का आधार माना गया, वही शिक्षा आज केवल डिग्री तक सिमटकर रह गई है। पढ़ा-लिखा वर्ग मामूली विवादों में मर्यादा भूलकर गाली-गलौच पर उतर आता है। संयम, सहनशीलता और भाषा की शालीनता जैसे मूल्य तेजी से गायब हो रहे हैं। संयुक्त परिवार व्यवस्था के टूटने और माता-पिता की कमजोर होती भूमिका ने युवाओं को बेलगाम बना दिया है। न घर में रोक-टोक है, न समाज का डर। परिणामस्वरूप गुस्सा सड़कों, दफ्तरों और सोशल व्यवहार में खुलेआम दिखाई दे रहा है। पुलिस थानों में रोज दर्ज हो रही शिकायतें इस सामाजिक गिरावट का दस्तावेज बन चुकी हैं। अभद्र भाषा केवल शब्दों की समस्या नहीं है, यह सोच के पतन का प्रतीक है। यदि समाज ने समय रहते इस पर आत्ममंथन नहीं किया, तो आने वाली पीढ़ी गाली को संवाद और धमकी को अधिकार समझने लगेगी।

### शहरों में बढ़ती अभद्र भाषा

समाज में यह विडंबना अब खुलकर सामने आ रही है कि शिक्षा का स्तर बढ़ने के बावजूद व्यवहार और भाषा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। पुलिस रिकॉर्ड बताते हैं कि गांवों की तुलना में शहरों में गाली-गलौच और जान से मारने की धमकियों के मामले कहीं अधिक सामने आ रहे हैं। शहरों में रहने वाला शिक्षित और तथाकथित सभ्य वर्ग छोटी-छोटी बातों पर संयम खोकर अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा है। गुस्से में गाली देना और धमकी देना अब सामान्य प्रतिक्रिया बनती जा रही है। इसका सीधा असर कानून-व्यवस्था पर पड़ रहा है, जिससे शहरी थानों में रोजाना ऐसे मामलों की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। अधिकारियों के अनुसार अभद्र भाषा केवल व्यक्तिगत व्यवहार नहीं, बल्कि सामाजिक पतन का संकेत है। यदि परिवार, समाज और शिक्षा व्यवस्था ने समय रहते युवाओं को संयम, संस्कार और मर्यादा का महत्व नहीं सिखाया, तो शहरों में बढ़ती यह प्रवृत्ति समाज के लिए गंभीर संकट बन सकती है।

### हर थाने में प्रतिदिन आते केस

पुलिस विभाग की दैनिक स्थिति रिपोर्ट (डीएसआर) बताती है कि लगभग हर थाने में प्रतिदिन गाली-गलौच और धमकी से जुड़े प्रकरण सामने आ रहे हैं। जांच अधिकारियों का कहना है कि संयुक्त परिवार प्रणाली के कमजोर होने, माता-पिता की घटती निगरानी और सामाजिक अनुशासन में गिरावट के कारण युवाओं में संयम समाप्त होता जा रहा है।अधिकारियों के अनुसार गुस्से पर नियंत्रण न होना और भाषा की मर्यादा टूटना समाज के लिए गंभीर चेतावनी है। यदि समय रहते परिवार, समाज और शिक्षा व्यवस्था ने भूमिका नहीं निभाई तो शहरों में बढ़ती यह असभ्यता आने वाली पीढ़ियों के लिए खतरनाक उदाहरण बन सकती है।

### एक्सपर्ट व्यू

**अरविंद सक्सेना आईजी ग्वालियर रेंज**

संयुक्त परिवार प्रणाली के कमजोर होने, माता-पिता की घटती निगरानी और सामाजिक अनुशासन में गिरावट के कारण युवाओं में संयम समाप्त होता जा रहा है। नैतिक मूल्य गिर गए है। समाज में माताओं बहनों का सम्मान भी नहीं बचा है। यह मामूली विवाद बाद में बड़े अपराध में बदल जाते है। जिसमें सुधार की जरूरत है।

### ताजा मामले...

- देहात थाने में 7 फरवरी को मामला दर्ज हुआ। फरियादी अभिलाषा गोस्वामी ने आरोपी मयंक गिरी गोवस्वामी के खिलाफ, शराब के नशे में मारपीट की व गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।
- इटारसी थाने में 7 फरवरी को मामला दर्ज हुआ। जिसमें फरियादी रवि पिता कल्याण सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि निहाल सिंह राजपूत की रिपोर्ट पर खाने का बिल मांगने पर गालिया देना और हाथ मुक्कों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देना है।
- कोतवाली थाने में 7 फरवरी को फरियादी विजय उम्र 26 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है आरोपी मयंक साहू फरियादी की लड़के साथ गंदी-गंदी गालिया देकर मारपीट करता है।
- सोहागपुर थाने में 1 फरवरी को फरियादी अभिषेक की शिकायत पर चिंटू रघुवंशी और गजेंद्र रघुवंशी के खिलाफ गाली-गलौज और जान से मारने का मामला दर्ज हुआ।
- पथरोटा थाने में 3 फरवरी को दो मामले दर्ज हुए जिसमें पहला रूबीना बी ने आरोपी इरशाद खान के खिलाफ गाली- गलौज और जान से मारने की धमकी की शिकायत की। वहीं दूसरा मामले में सुखिया बाई पति राममूर्ति ने विनय चौहान के खिलाफ गाली- गलौच का मामला दर्ज किया।

बैतूल से लौटते वक्त शाहपुर के पास हुआ हादसा

## बाइक सवार दपंति की सड़क हादसे में मौत,बेटी गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बाइक सवार सोहागपुर निवासी पति-पत्नि की बैतूल जिले से शादी समारोह से लौटते वक्त सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना बीती रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। जहां दंपति की बाईक की टक्कर एक ट्रक से हुई थी।

उनके साथ उनकी ढाई साल की बेटी थी जो हादसे में गंभीर रूप से घायल है। जिसका इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे में कार्ररत विजय यादव अपनी पत्नि आरती यादव व ढाई साल की बेटी के साथ बाईक से बैतूल शादी समारोह में गए थे।

इसी दौरान लौटते वक्त उनके साथ यह हृदय विदारक घटना हो गई। जिसमें दो दंपति की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई है। वह मूलतः नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर के निवासी थी। जो रेलवे में गुरमखेड़ी स्टेशन पर पदस्थ थे। मृतक दपंति के परिवार बुजुर्ग माता व एक छोटा भाई है। हादसे के बाद परिवार में शौक का माहौल है।

## नानूपुरा के सूने घर में ढाई लाख के जेवर ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पथरौटा थाना अंतर्गत ग्राम नानूपुरा में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए वहां रखे सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए, जिनकी कुल कीमत लगभग 2 लाख 55 हजार रुपये बताई जा रही है।

### क्या है पूरा मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी मधुपत घनश्याम कटारे 55 वर्ष, निवासी ग्राम नानूपुरा के घर में यह घटना 6 और 7 फरवरी की दरम्यानी रात हुई। चोरों ने रात करीब 11 बजे से सुबह 04 बजे के बीच घर में घुसकर चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही पथरौटा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। विदित हो जिले में चोरियों का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। खासकर ग्रामीण इलाकों में चोर गिरोह सक्रिय है जो सूने मकानों को टारगेट करते है।

न्यू मिल्लत वेलफेयर सोसाइटी का मुख्यमंत्री निकाह सम्मेलन संपन्न

## निकाह सम्मेलन: 'तू मुझे क़बूल, मैं तुझे क़बूल' के साथ 60 जोड़ों का पाक़ रिश्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





तू मुझे कबूल,,मै तुझे कबूल,,रविवार को मुख्यमंत्री निकाह सम्मेलन का आयोजन न्यू मिल्लत वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग ओर नगर परिषद नर्मदापुरम के संयोजन से हुआ। जिसमें 60 जोड़ों ने निकाह की रस्म अदा की और काजी शहर अशफाक अली साहब ने निकाह का खुतबा पढ़ाया और दुआ की। इसके साथ ही 60 जोड़े जिन्दगी भर के लिए एक दूजे के हुए। प्रोग्राम भोपाल मार्ग स्थित श्रीकुंज गार्डन में हुआ। समिति अध्यक्ष अलीम राइन ओर भाजपा के पूर्व अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष अमीन राइन ने बताया कि प्रोग्राम में नगरपरिषद ओर जिला शासन ओर प्रशासन का पूरा सहयोग मिला। श्री राइन ने बताया कि निकाह सम्मेलन को सफलता पूर्वक पूर्ण कराने के लिए शहर की सभी कमेटियां सहयोग दिया। मध्य प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत आर्थिक सहायता वधू को 49,000 रुपये की सहायता दी गई। इसके अलावा कमेटी की ओर से उपहार भी दिए गए। कार्यक्रम में विधायक डॉक्टर सीताशरण शर्मा प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्क मोर्चा एम .एजाज खान, नपा अध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन फैज मोहम्मद खान ओर अजहर खान ने किया। जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में हाजी रशीद ,मुश्ताक शेख जाविद मुन्ना पठान, राजू पठान, अल्ताफ अली, सब्बू अंसारी, ताज खान, रुवेज पठान, फिरोज खान, रफीक खान, इमरान खान सहित शहर की सभी कमेटी ओर उनके सदस्य मौजूद रहे।

## पटवा लाइन में तीन दुकानों के ताले टूटे, पुलिस गश्त पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के व्यस्ततम व्यावसायिक क्षेत्र पटवा लाइन में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने मनिहारी की तीन दुकानों को अपना निशाना बनाने का प्रयास किया। रविवार सुबह जब स्थानीय लोगों ने दुकानों के ताले टूटे और शटर मुड़े हुए देखे, तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना तुरंत दुकान मालिकों और पुलिस को दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोरों ने खुशी जनरल स्टोर्स समेत दो अन्य मनिहारी दुकानों के शटर उठाकर भीतर घुसने की कोशिश की। यह पूरी घटना सुबह लगभग 3:30 से 4 बजे के बीच की बताई जा रही है। गनीमत रही कि चोर किसी बड़ी चोरी को अंजाम देने में पूरी तरह सफल नहीं हो पाए, लेकिन इस प्रयास ने व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। स्थानीय दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन के प्रति भारी नाराजगी व्यक्त की है। व्यापारियों का आरोप है कि रात के समय इन तंग गलियों में पुलिस की पेट्रोलिंग बिल्कुल नहीं होती। सुबह के वक्त भी घटनास्थल के आसपास कई नशेड़ी घूमते देखे गए। आशंका जताई जा रही है कि इन्हीं असामाजिक तत्वों ने चोरी का प्रयास किया होगा। नाम न छापने की शर्त पर एक दुकानदार ने बताया कि क्षेत्र की गलियों में रात के समय कच्ची शराब धड़ल्ले से बेची जाती है।

### कमला नेहरू पार्क जैसी कार्रवाई की मांग

क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि जिस तरह पुलिस ने कमला नेहरू पार्क की टंकी के पास अभियान चलाकर गंजेडियों के अड्डे को ध्वस्त किया था, ठीक वैसी ही सख्त कार्रवाई पटवा लाइन की गलियों में भी करने की आवश्यकता है। व्यापारियों ने मांग की है कि यहां नियमित गश्त बढ़ाई जाए ताकि भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी









को रोका जा सके। इस संबंध में टीआई गौरव बुंदेला ने बताया कि सारी रात हमारी गश्त चलती है और गलियों में भी जाते हैं। घटना सुबह-सुबह की है, जब गश्ती दल वापसी करता है। रात में भी वहां पाइंट लगा था। हमारा ज्यादातर स्टाफ पचमढ़ी महादेव मेला और रामजी बाबा मेला ड्यूटी पर है, कम से कम स्टाफ में ड्यूटी चल रही है, व्यापारियों को हमेशा कहते हैं कि सीसीटीवी कैमरा लगवायें, जहां तक गांजा पीने वालों की बात है तो हम सुबह-सुबह भी भेजकर कमला पार्क जैसा अभियान चलाएंगे।

### पीएम ने खोला राज मृतका 4 महीने की गर्भवती थी


**नर्मदापुरम।** डोकरीखेड़ा डेम के पास जंगल में अर्धनग्न हालत में मिली महिला का शव की पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है, लेकिन रविवार को हुए पीएम में यह बात निकलकर सामने आई कि मृतक महिला चार माह की गर्भवती थी। पिपरिया अस्पताल में प्रथम श्रेणी महिला चिकित्सक अनीता साहू और डॉ एसपी सिंह ने शव का पोस्टमार्टम किया। डॉ साहू ने बताया कि मृतका चार माह की गर्भवती थी और उसके चेहरे पर दो गहरी चोटे लगी थी, जो किसी कठोर वस्तु की है। इस दौरान एफएसएल अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे। अब विसरा डीएनए स्लाइड बनाकर लैब भेजी गई है जिसकी रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चलेगा। थाना प्रभारी आदित्य सेन ने बताया कि महिला की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

शिव भक्ति, होली की उमंग और शुभ कार्यों की बहार

## भक्ति, उल्लास और रंगों का पर्वकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हिंदी पंचांग का यह अंतिम महीना फाल्गुन मास 3 मार्च तक रहेगा। धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत माना जाता है। फाल्गुन मास भगवान शिव, श्रीहरि विष्णु, राधा-कृष्ण सहित समस्त देवी-देवताओं की उपासना को समर्पित होता है। मान्यता है कि इस माह की गई आराधना से मन, वचन और कर्म की शुद्धि होती है। फाल्गुन मास में वातावरण भक्तिमय हो जाता है। मंदिरों में विशेष पूजन, भजन-कीर्तन और कथा-प्रवचनों का आयोजन होता है। इसी माह के समापन के बाद हिंदू नववर्ष का शुभारंभ होता है, इसलिए इसका धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है।



### महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा-अर्चना

फाल्गुन मास में आने वाला महाशिवरात्रि पर्व भगवान शिव की आराधना का सबसे पावन अवसर माना जाता है। इस दिन श्रद्धालु व्रत रखकर रुद्राभिषेक, जलाभिषेक और रात्रि जागरण करते हैं। मान्यता है कि महाशिवरात्रि के व्रत और पूजा से जीवन के कष्ट दूर होते हैं तथा सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। शिवालयों में इस अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।

### पचमढ़ी में उमड़ रहा भक्तों रैला

पचमढ़ी महादेव मेले के तीसरे दिन रविवार को पचमढ़ी में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। ऊंची-ऊंची चढ़ाई और दुर्गम मार्ग भी श्रद्धालुओं के उत्साह और अटूट विश्वास को डिगा नहीं पाए। भगवान भोलेनाथ के प्रति गहन आस्था रखते हुए श्रद्धालु बड़े एवं भारी त्रिशूल लेकर कठिन और लंबा रास्ता तय कर चौरागढ़ मंदिर में दर्शन करने पहुंच रहे हैं। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार संपूर्ण प्रशासनिक अमला मेले में तैनात रहकर श्रद्धालुओं की सहायता में जुटा है। स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता से लेकर मार्गदर्शन तक सभी व्यवस्थाएं सतत रूप से सुनिश्चित की जा रही हैं। मेले की व्यवस्थाओं का वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

## बैलगाड़ी दौड़ में बैतूल जिले का दबदबा खत्री-भैरव प्रथम, दूसरे पर हीरालाल रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बैलगाड़ी दौड़ का जंगी मुकाबला रविवार को नर्मदा विद्यालय में देखने को मिला। जहां बैल जोड़ी दौड़ में बैतूल जिले का दबदवा देखने को मिला। पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर बैतूल की बैल जोड़ी ने प्रतियोगिता जीती। जिलेभर सहित आसपास के जिलों की बैल जोड़ी ने दौड़ का प्रदर्शन किया। पारंपरिक बैलगाड़ी दौड़ का रोमांच देखने पूरा नर्मदा विद्यालय का ग्राउंड फुल रहा। यह प्रतियोगिता नगर पालिका के सहयोग से संत शिरोमणि रामजी बाबा मेले के दौरान हर वर्ष आयोजित की जाती हैं। रविवार को



बैलगाड़ी प्रतियोगिता में बैतूल के आमागोहान की खत्री और भैरव की जोड़ी ने 6.55 का समय लेते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर भी बैतूल रातामाटी की हीरा और लाल बादशाह की जोड़ी रही। जिन्होंने 6.58 समय में विजयी रेखा को पार किया। इसके अलावा तीसरे नंबर पर बैतूल के आठनेर की आजाद-रूआव की रही। इसी प्रकार चौथे नंबर पर खिड़िया की जुगनू और लखन व पांचवे नंबर पर बिजली-चिमन्या की जोड़ी रही।

## खबर संक्षेप



### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हर घर में लगाए फलदार पौधे

**बैतूल।** पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान को समर्पित शासन की पहल एक पेड़ मां के नाम से प्रेरित होकर भैंसदेही तहसील की ग्राम पंचायत कौड़ी के ग्राम कौडय़ा में मेहरा समाज द्वारा रविवार को वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मेहरा समाज के सदस्यों ने हर घर में एक फलदार पौधा लगाने का संकल्प लेते हुए अंजीर, नारियल, बादाम, चीकू, लीची, नाशपाती, सुपारी, स्टार फ्रूट सहित अन्य फलदार पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में मेहरा समाज के अध्यक्ष दिनेश बडोदे, सचिव प्रमोद बेले, विवेक बेले, शैलेश, दीपराज, नागेश, सुमित बेले, रोहित, अरुण, छोटू, राजू, गौतम, सुरेश, शिवदयाल,सुनील बेले, जगदीश हरसुले,रंगीलाल मेश्राम, गोविंदा नागले, दुर्गादास, महेश हरसुले, राज, कैलाश, मनोज एवं मनीष बडोदे शामिल थे। सभी सदस्यों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया।

### विजया एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान 13 को

**बैतूल।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में विजया एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान का आयोजन 13 फरवरी दिन शुक्रवार को शाम 6 बजे से तुलसी भवन विनोबा वार्ड बैतूल में आयोजित की जाएगी। पंडित पुष्पेंद्र तिवारी ने बताया कि विजया एकादशी फाल्गुन कृष्ण एकादशी का व्रत जीवन की बाधाओं को दूर करने और भगवान विष्णु की कृपा को पाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री तिवारी ने बताया कि यह व्रत शत्रु को पराजित करने और कोर्ट कचहरी जैसे मुकदमे में जीत के लिए विशेष फलदायी माना गया है। यह व्रत शत्रुओं को पराजित करने के लिए खासकर किया जाता है। भगवान श्री रामचंद्र जी ने लंका विजय के लिए समुद्र तट पर यह उपवास किया था जिसके फलस्वरूप उन्हें विजय श्री की प्राप्ति हुई थी। भगवान विष्णु को तुलसी अत्यधिक प्रिय है इसलिए इस दिन तुलसी को आवश्यक रूप से पूजन में शामिल करना चाहिए। विजया एकादशी के श्रवण से व्यक्ति के समस्त पापों का नाश होता है और मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।

### शिव बारात में उज्जैन की झांझ-डमरू टीम देगी विशेष प्रस्तुति

**बैतूल।** महाशिवरात्रि पर्व पर 15 फरवरी को निकलने वाली देवाधिदेव महाकाल की भव्य शिव बारात को इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर का सांस्कृतिक स्वरूप मिलने जा रहा है। श्री शंभू भोले सेवा उत्सव समिति, बैतूल के अनुसार शिव बारात में उज्जैन की ख्याति प्राप्त झांझ-डमरू टीम विशेष प्रस्तुति देगी, जिससे आयोजन की भव्यता और धार्मिक ऊर्जा और अधिक बढ़ेगी। समिति के मोनू यादव ने बताया कि शिव बारात में उज्जैन का श्री भस्म रमैया भक्त मंडल अपने 30 साथियों के साथ शामिल होगा। यह दल शिव प्रिय वाद्य यंत्र डमरू की प्रस्तुति के लिए देशभर में प्रसिद्ध है और भारत के कई बड़े शहरों में अपनी प्रस्तुतिया दे चुका है। मोनू यादव ने बताया कि श्री भस्म रमैया भक्त मंडल उज्जैन साउथ के सुपरस्टार पवन कल्याण के साथ फिल्म हरिहर वीर मल्लू में भी अपनी प्रस्तुति दे चुका है। इस प्रतिष्ठित टीम की सहभागिता से बैतूल की शिव बारात को विशेष पहचान मिलने की संभावना है। समिति के अमन सोनकपुरिया ने जानकारी दी कि आज सोमवार शिव विवाह उत्सव अंतर्गत ओंकारेश्वर का टीका संपन्न होगा। यह रस्म पारंपरिक विधि-विधान के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से आयोजित की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी। महाकाल मंदिर में विराजित शिवलिंग का श्रृंगार परंपरागत विधि-विधान के अनुसार मूर्ति कलाकार सुनील प्रजापति द्वारा किया जा रहा है। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर चल रहे मंगलोत्सवों के अंतर्गत पुष्प, भस्म, बेलपत्र और अन्य पूजन सामग्री से शिवलिंग को विशेष रूप से सजाया जा रहा है।

## 127 केन्द्रों पर होगी 10वीं-12वीं की परीक्षाएं

# शिक्षा विभाग ने तैयारियां की पूर्ण गोपनीय सामग्री का वितरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाएं 10 फरवरी से शुरू हो जायेगी। बोर्ड द्वारा घोषित संशोधित समय-सारणी के अनुसार कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 10 फरवरी से प्रारंभ होंगी, जबकि 17 फरवरी से कक्षा 10वीं की परीक्षाएं होना है। जिसके लिए शिक्षा विभाग ने तैयारियां पूर्ण कर ली है। शुक्रवार और शनिवार को परीक्षा के लिए आवश्यक गोपनीय सामग्रियों का वितरण कर दिया गया। दोनों ही कक्षाओं की परीक्षाएं लगभग एक माह तक चलेंगी।**

वैसे कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 13 फरवरी को उर्दू के साथ शुरू होगी। बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया कि परीक्षा के दिन थानों से परीक्षा केंद्रों तक प्रश्न पत्र पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया की निगरानी मोबाइल ट्रैकिंग एप के माध्यम से की जाएगी। इससे प्रश्न पत्रों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी। बताया जा रहा है कि शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिलेभर में कुल 127 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इनमें से 7 केंद्रों को संवेदनशील और 4 केंद्रों को अतिसंवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। इन संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी के साथ-साथ उड़नदस्तों की तैनाती भी की जाएगी, ताकि नकल जैसी गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाई जा सके।

### बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने बनाए गए 24 उड़नदस्ते

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूत परीक्षा में नकलचियों पर नजर रखने 24 उड़नदस्ते बनाए गए हैं। जिसमें चार जिला स्तरीय और विकासखंड स्तरीय दो-दो उड़नदस्ते होंगे। वहीं एक जिला स्तरीय उडऩदस्ता रिवर्ज रखा जायेगा। इसके अलावा संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाने के साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी लगाये जायेगे। परीक्षा के दौरान पूरे समय गार्ड की भी मौजूदगी रहेगी। बताया जा रहा है कि परीक्षाओं को लेकर जिला शिक्षा विभाग ने तैयारियां पूर्ण कर ली है। बोर्ड परीक्षा के लिए जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन को नोडल अधिकारी बनाना गया है, वहीं प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र वरकडे और उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल के प्राचार्य सत्येन्द्र उदयपुरे को समन्वय अधिकारी बनाया गया है।

### 34278 विद्यार्थी होंगे परीक्षा में शामिल

कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के कुल 34,278 विद्यार्थी शामिल होगे। जिसमें कक्षा 10वीं में 18821 नियमित और 913 विद्यार्थी स्वाध्यायी शामिल होगे। इस तरह कक्षा 10वीं में कुल 19734 विद्यार्थी सम्मिलित होगे। वहीं कक्षा 12वीं हायर सेकेंडरी की परीक्षा में 13250 विद्यार्थी नियमित और 1294 विद्यार्थी स्वाध्यायी शामिल होगे। कक्षा 12वीं में कुल 14544 विद्यार्थी सम्मिलित होगे। बताया जा रहा है कि पिछले साल 2024-25 में कक्षा 10वीं और 12वीं के कुल 37300 नियमित और स्वाध्यायी विद्यार्थी शामिल हुए थे, जबकि इस साल वर्ष 2025-26 में 34278 नियमित और स्वाध्यायी विद्यार्थी शामिल होगे। पिछले साल की अपेक्षा 3022 परीक्षार्थी इस साल कम शामिल होंगे।

### परीक्षा के दिन केंद्रों पर पहुंचेगे प्रश्न पत्र

प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया कि प्रश्न पत्रों को संबंधित थानों में सुरक्षित रखा जाएगा। परीक्षा के दिन थानों से परीक्षा केंद्रों तक प्रश्न पत्र पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया की निगरानी मोबाइल ट्रैकिंग एप के माध्यम से की जाएगी। इससे प्रश्न पत्रों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी। शिक्षा विभाग का कहना है कि परीक्षाओं को नकलमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। केंद्राध्यक्षों, पर्यवेक्षकों और परीक्षा ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। वहीं विद्यार्थियों और अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे परीक्षा संबंधी नियमों का पालन करें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

**सामग्रियों का होगा वितरण**

जिले में कक्षा 10वीं-12वीं की परीक्षाओं के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शुक्रवार-शनिवार को गोपनीय सामग्रियों का वितरण किया गया। इस साल कक्षा10वीं और 12वीं की परीक्षा में कुल 34278 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे।

**- भूपेन्द्र सिंह वरकड़े**, प्रभारी डीईओ, बैतूल

## पीड़ित पेंशनर्स के साथ न्याय हो

# विद्युत मंडल पेशनर्स बैतूल में करेंगे धरना प्रदर्शन



**बैतूल।** मप्र विद्युत मंडल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डीके तिवारी ने कहा कि यह खेद का विषय है कि पेंशनर्स के पक्ष में माननीय उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित किए गए निर्णयों का परिपालन मप्र. शासन द्वारा नहीं किया जा रहा है। यह एक तरफ न्यायालयीन निर्णय की अवमानना है, वहीं दूसरी ओर पीड़ित पेंशनर्स के साथ न्याय होने के बाद भी उसे न्याय से वंचित कर अन्याय किया जा रहा है। वे शनिवार को सागौन बाबा दरबार में पेंशनर की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को हम एक बार फिर लिंक रोड टिकारी स्थित बिजली ऑफिस के कैंपियन हाउस में दोपहर 12 बजे से चार बजे तक एकजुट होकर विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिन लोगों ने अपने आधार कार्ड नहीं दिए हैं, वे जरूर इसके साथ अन्य डॉक्यूमेंट भी लाकर जमा करें। हम सभी संगठित होंगे, तभी हमें हमारे भत्ते और अन्य हक मिलेंगे। वरिष्ठ नागरिक संगठन के सचिव केके पांडे ने इस अवसर पर कहा कि बुजुर्गों की समस्या बहुत होती है, उन्हें अपने हक के लिए इस आयु में भोपाल जाकर आंदोलन करना मजबूरी बन गया है। शारीरिक रूप से कई परेशानियां होती हैं, लेकिन क्या करें, यह करना पड़ेगा। मप्र विद्युत प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सुंदरलाल कड़वे ने कहा कि पेंशनर्स को बिना आंदोलन किए अपनी मांग उठाने पर भी कुछ नहीं मिलता, उन्हें हमेशा आंदोलन करने पड़ते हैं। इस दौरान शहर के प्रसिद्ध सिम्स हॉस्पिटल के संचालक डॉ. श्याम सोनी ने भी पेंशनर्स को स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी टिप्स बताएं। उन्होंने पेंशनर्स को 62 वर्ष से ही प्रधानमंत्री आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से लाभान्वित करने स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जाने की बात पर अपना समर्थन व्यक्त किया। मप्र विद्युत प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के सचिव एमएम अंसारी ने कहा कि 11 फरवरी को एसई कार्यालय बैतूल में पहुंचकर अपनी मांगें पूरी एकजुटता से रखें। सभी समस्याओं का निराकरण राज्य सरकार द्वारा उचित दिशा निर्देशों के प्रसारित होने पर ही हो सकेगा।

# ट्रक ने बाइक सवार दंपती का मारी टक्कर, पति-पत्नी की मौत

**बैतूल।** बैतूल-भोपाल नेशनल हाईवे पर शनिवार रात एक सडक़ हादसे में बाइक सवार दंपती की मौत हो गई। यह घटना पाढर और बरेठा के बीच बांचा जोड़ के पास हुई, जहां एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दंपती की ढाई साल की बेटी घायल हो गई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, मृतक विजय यादव (47) और उनकी पत्नी आरती यादव (40) नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर निवासी थे। वे अपनी ढाई साल की बेटी के साथ बाइक (एमपी-20 एमएक्स 4636) से इटारसी जा रहे थे। इसी दौरान भोपाल से बैतूल की ओर आ रहा ट्रक (एमएच-36 एए 2065) बांचा जोड़ की संकरी पुलिया पर बाइक से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दंपती सडक़ पर गिर गए और ट्रक उन्हें कुचलता हुआ निकल गया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बच्ची घायल अवस्था में मिली, जिसे शाहपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# गोवंश तस्करी के मामले में पांच वाहन जब्त, 12 आरोपी गिरफ्तार

### महाराष्ट्र ले जाए जा रहे एक दर्जन गोवंश को कराया मुक्त



**बैतूल।** बैतूल बाजार पुलिस ने महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जाए जा रहे पांच वाहनों को जब्त कर 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में 12 गोवंशों को मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी व एसडीओपी सुनील लाटा के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस को कोलगांव रोड अयोध्या लॉन और आठनेर रोड बडोरा क्षेत्र में गोवंशों से भरे वाहनों के महाराष्ट्र जाने की सूचना मिली थी। थाना प्रभारी निरीक्षक अंजना धुर्वे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सभी वाहनों को पकड़ा। जब्त किए गए वाहनों में पांच पिकअप और एक अशोक लीलैंड वाहन शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 11 लाख 40 हजार रुपए आंकी गई है। इन वाहनों में भरे 12 गोवंशों की कीमत करीब 2 लाख 60 हजार रुपए बताई गई है। सभी आरोपियों के पास गोवंश परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4, 6, 9, 11 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(घ) के तहत मामला दर्ज किया है। मुक्त कराए गए गोवंशों को त्रिवेणी गोशाला में सुरक्षित रखा गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गोरेलाल यादव, मुकेश कहार, चेतराम, मनीष यादव, अनिल कहार, रमेश यादव, इंगल यादव, अक्षय कुसंगे, प्रतीक सायवान, ऋतविक उमाडे और ऋषिकेश मैटकर शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने बताया कि जिले में गोवंश तस्करी या पशुओं के प्रति क्रूरता के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आम नागरिकों से ऐसे किसी भी अवैध परिवहन या तस्करी की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या डायल-112 पर देने की अपील की है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक विनोद मालवीय, नरेंद्र सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक अशोक झरबड़े, आरक्षक प्रकाश धुर्वे, अरुण लौवंशी, माखन पाल, विशाल, कमल पवार, कमल चौरे, महिला आरक्षक अंकिता शर्मा और संजू धुर्वे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# 19 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों ने निकाली रैली

**बैतूल।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने अपनी 19 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। कर्मचारी भवन से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें शीघ्र नहीं मानी गईं, तो अप्रैल माह में एक व्यापक आंदोलन किया जाएगा। रैली का नेतृत्व जिला अध्यक्ष विनय सिंह राठौर ने किया। विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला और नवशिक्षक शामिल हुए। शिक्षकों ने एसआईआर (स्कूल इंफॉर्मेशन रिपोर्ट) में ड्यूटी लगाए जाने का कड़ा विरोध किया। उनका कहना है कि इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने मांग की है कि चुनावी कार्यों के लिए सरकार को अलग से अमला तैनात करना चाहिए। संघ ने ई-अटेंडेंस प्रणाली का भी विरोध किया। शिक्षकों का तर्क है कि वे अटेंडेंस लगाने में ही व्यस्त रहते हैं, जिससे शिक्षण कार्य बाधित होता है। इसके अलावा पुरानी पेंशन बहाल करने, सेवाकाल की गणना कर पेंशन और ग्रेच्युटी का लाभ देने, स्कूल शिक्षा विभाग में मर्ज किए गए शिक्षकों को समान वेतनमान देने और सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने जैसी प्रमुख मांगें रखी गईं। ज्ञापन में शिक्षकों को कार्य दिवसों के अलावा शनिवार-रविवार का अवकाश देने, अध्यापक संवर्ग को पदोन्नति और समयमान वेतन का लाभ देने की बात कही गई। साथ ही दीर्घकालीन सेवाओं को गिनकर वरिष्ठता देने, स्वास्थ्य बीमा और चिकित्सकीय सुविधा प्रदान करने की मांग भी शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि अटेंडेंस स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन ही रहे, जनजातीय विभाग का नहीं।

# पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग

### केंद्रीय राज्य मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**बैतूल।** पत्रकार कल्याण परिषद के पदाधिकारियों ने रविवार को केंद्रीय राज्यमंत्री डीडी उइके और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात कर पत्रकारों की सुरक्षा और न्याय दिलाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।



इस मौके पर परिषद के संभागीय प्रभारी राधेश्याम सिन्हा ने बताया कि प्रदेश में लंबे समय से पत्रकारों पर झूठे एवं प्रताडऩा संबंधी गंभीर मामले दर्ज हो रहे हैं। इसके कारण पत्रकारगण स्वतंत्र रूप से अपना दायित्व नहीं निभा पा रहे हैं। पत्रकारों द्वारा प्रताडऩा की शिकायत करने पर भी पुलिस उचित कार्रवाई नहीं करती है। पत्रकार कल्याण परिषद के महासचिव संजय द्विवेदी ने कहा कि सच्चे और ईमानदार पत्रकारों पर झूठे मुकदमे कायम नहीं किए जाए। पत्रकारों की शिकायतों और सूचनाओं पर गंभीरता से कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून मप्र के अलावा अन्य कई प्रदेशों में लागू किया जा चुका है। पत्रकारों के हित में इस कानून को जल्द से जल्द लागू किया जाए। जिलाध्यक्ष कैलाश अग्निहोत्री ने कहा कि सरकार का दायित्व है कि पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान की जाए, यह लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। पत्रकार सुरक्षा गारंटी कानून लागू किए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही है।

### अजातशत्रु के मुख्यमंत्री के ओएसडी बनने पर जताया हर्ष



**बैतूल/भौंरा।** जन परिषद की जिला इकाई बैतूल द्वारा जन परिषद के उपाध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अजातशत्रु श्रीवास्तव के मुख्यमंत्री के ओएसडी बनने पर हर्ष जताया है। वहीं भोपाल के पदाधिकारियों में रामजी श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता, दुर्गेश रैकवार, मोहन अग्रवाल एवं सुनील श्रीवास्तव ने भोपाल में अजात शत्रु जी को गुलदस्ता देकर व मिठाई खिलाकर बधाईयां दी। इस अवसर पर श्री अजात शत्रु जी ने कहा कि जन परिषद के सामाजिक एवं रचनामक उद्देश्यों को मूर्तरूप देने के लिए, उनसे जो भी बन पड़ेगा, वे उसके लिए कृतसंकल्प हैं ।

## वीबीजी राम जी अभियान को लेकर बैतूल विकासखंड का सम्मेलन संपन्न

# बीस साल पुरानी कमियों को किया दूर: हेमंत खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय विजय भवन में आयोजित वीबी जी राम जी अभियान के तहत बैतूल विकासखंड का सम्मेलन संम्पन हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि वीबी जी राम जी नई साईकल की तरह है जिसे कोई परिवार पुरानी और खस्ता हाल हो चुकी साईकल से बदलता है। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण 2025 के तहत अब गांव की योजना और निर्माण गांव के हिसाब से तय होगें। 100 दिन की जगह 125 दिन का रोजगार मिलेगा। आजीविका में वृद्वि होगी, गांव के हिसाब से काम होने से किसान और श्रमिक दोनो को लाभ होगा। नए स्वरूप में वीबीजी राम जी आने से कांग्रेस को इसीलिए तकलीफ है क्योकि 2009 में नरेगा का नाम बदलकर महात्मा गांधी के नाम पर मनरेगा करके वे महात्मा गांधी के नाम पर वोट की राजनीति करना चाहते थे। जबकि 2014 के बाद देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को हर गांव हर शहर में साकार किया है। कांग्रेस के दौर में विदेशी उत्पादो का उपयोग करने वाले सम्मान पाते थे। आज खादी को सम्मान मिलता है। गांधी जी के विचारो को सम्मान मिलता है। देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विकसित गांव और प्रदेश के साथ साथ विकसित भारत के लिए लगातार काम कर रहे है। वह दिन दूर नही जब हमारा भारत अमेरिका और चीन से भी आगे निकल जाएगा। श्री खंडेलवाल ने कहा कि खेतो में कटाई और बुवाई के समय श्रमिक सहजता से उपलब्ध होगें जिससे कृषि उत्पादको की लागत कम होगी। मजदूरो का पलायन रूकेगा, जीयो टेगिंग निगरानी और डिजिटल भूगतान से भ्रष्टाचार कम होगा। लक्ष्य आधारित परिसंपत्ति का निर्माण होगा, रोजगार न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता मिलेगा, भूगतान में देरी पर ब्याज की सुविधा होगी। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि ग्रामीण आजीविका को आधुनिक रूप से पुर्नगठित करने के लिए वीबी जी राम जी 2025




आया है। आजाद भारत में अग्रेजो के बनाए कानून बदल दिए गए है। उसी तरह मनरेगा की खामियों को दूर कर आज की परिस्थितीयों के अनुकूल कार्य किया गया है। बीस वर्षो में करोडो की राशी खर्च करने के बाद भी मनरेगा के कार्य दिखाई नही देते क्योकि यह कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार का अडडा बन चुके थे। अब भ्रष्टाचार समाप्त होगा, रोजगार और आजीविका में वृद्वि होगी। विकसित गांव से ही विकसित भारत की तस्वीर बनेगी। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि ग्रामीण अंचल की तस्वीर वीबी जी राम जी से बदलेगी। इस अधिनियम के तहत आजीविका के साथ साथ स्थाई परिसंपत्ति का निर्माण होगा। रियल टाईम सामजिक अंकेक्षण से बंदरबाट रूकेगी। कांग्रेस को वीबी जी राम जी में सिर्फ राम के नाम पर दर्द हो रहा है। मनरेगा में भ्रष्टाचार होता था कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी भी स्वीकार किया था कि वे केन्द्र से वे एक रूपये भेजते है लेकिन जनता तक पंद्रह पैसे पहुंचते है 85 प्रतिशत राशी डकारने वाले मोदी जी के नेतृत्व में हितग्राही को पूरा पैसा उनके खाते मे सीधा पहुंचने से परेशान होकर भ्रामक प्रचार कर रहे है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अभियान के जिला संयोजक कृष्णा गायकी ने कहा कि वीबी जी राम जी को लेकर आमला और मुलताई विधानसभा स्तरीय विकास खंड सम्मेलन संपन्न हो चुके है आज बैतूल विकास खंड और आने वाले दे दिनो में भैसदेही और घोडाडोगरी विधानसभा में विकासखंड सम्मेलन संपन्न होने है जिसके बाद पंचायत एवं ग्रामीण स्तर पर ग्राम चौपाल, किसान चौपाल, श्रमिक चौपाल लगाकर हमें वीबी जी राम जी और मनरेगा के तूलनात्मक फायदे ग्रामीणजनो के बीच साझा करना है। इस दौरान हमें किसान पद यात्रा , बैलगाडी यात्रा के साथ साथ ट्रैक्टर यात्रा की तैयारी भी करना है। आज हमें जो जानकारी प्राप्त होगी वह जानकारी कांग्रेस द्वारा रचे जा रहे भ्रम जाल को तोडने का काम करेगी। जिसकी जिम्मेदारी हम सभी कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधियों की है। सम्मेलन का संचालन जिला उपाध्यक्ष रश्मि साहू, एवं आभार टोली सह संयोजक महेश्वर सिंह चंदेल ने व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

## होली पर चलेगी स्पेशल ट्रेन, मिलेगा फायदा

**नर्मदापुरम।** त्यौहारी सीजन होली पर्व के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति के मध्य 2-2 ट्रिप स्पेशल ट्रेन का संचालन होगी। गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल ट्रेन 27 फरवरी एवं 2 मार्च को रानी कमलापति स्टेशन से दोपहर 14:25 बजे प्रस्थान कर, 15:25 बजे नर्मदापुरम से, 15:55 बजे इटारसी से, 17:10 बजे पिपरिया से, 17:45 बजे गाडरवारा से, 18:25 बजे नरसिंहपुर से, 19:30 बजे जबलपुर पहुंचकर, 19:40 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेगी। 20:10 बजे सिहोरा रोड से प्रस्थान कर, 20:50 बजे कटनी से प्रस्थान कर, 21:40 बजे मैहर से, 22:15 बजे सतना से प्रस्थान करके अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 01668 दानापुर-रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी एवं 3 मार्च को दानापुर स्टेशन से 11:15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन मध्यरात्रि में 00:55 बजे सतना पहुंचकर, 01:00 बजे सतना से प्रस्थान कर, 01.28 बजे मैहर से, 02:30 बजे कटनी से, 03:13 बजे सिहोरा रोड से, 03:50 बजे जबलपुर पहुंचकर, 4.00 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेगी । तत्पश्चात 5:00 बजे नरसिंहपुर से प्रस्थान कर, 5:30 बजे गाडरवारा से, 6:00 बजे पिपरिया से, 7:10 बजे इटारसी से, 7:48 बजे नर्मदापुरम से प्रस्थान कर, सुबह 8:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों और नृत्य प्रस्तुतियों के बीच विद्यार्थियों को मिले पुरस्कार

# सेंट पैट्रिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं की रंगारंग विदाई

शहर के सेंट पैट्रिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए गत दिवस रंगारंग विदाई समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य फादर दिलीप मिंज और प्रबंधक फादर अब्राहम उपस्थित रहे। जूनियर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम और नृत्य प्रस्तुतियों ने समारोह को यादगार बना दिया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विभिन्न पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए गए।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर के सेंट पैट्रिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गत दिवस कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य फादर दिलीप मिंज व विद्यालय प्रबंधक फादर अब्राहम की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य प्रस्तुतियां एवं मंचीय गतिविधियां की गई। कार्यक्रम में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न सम्मान व पुरस्कारों की घोषणा की गई। सभी विद्यार्थियों को मोमेंटो प्रदान किए गए। सर्वाधिक उपस्थिति के लिए चेतना रघुवंशी विज्ञान संकाय एवं दीपिका पटेल वाणिज्य संकाय को सम्मानित किया गया। मास्टर एवं मिस सेंट पैट्रिक का खिताब निहाल नागवंशी एवं पिंकी पटेल को दि गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार गौरी साहू को दिया गया। निर्णायक मंडल में प्राचार्य फादर दिलीप मिंज, फादर अब्राहम, सर सुब्रत एवं सिस्टर लीला शामिल रहे। आयोजन को सफल बनाने में सर वीरेंद्र, सर मनीष कुशवाहा, सर सुब्रत, सर विकास, मैडम एंजल, मैडम अनीना, मैडम शक्ति, मैडम आकांक्षा, मैडम श्रद्धा पालीवाल, मैडम रीना रघुवंशी, सर आशु ने सहयोग किया।

### अपनाएं अनुशासन व परिश्रम के मंत्र-फादर मिंज

अपने संबोधन में प्राचार्य फादर दिलीप मिंज ने विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें जीवन में अनुशासन, परिश्रम व नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधक फादर अब्राहम ने विद्यार्थियों को सफलता के पथ पर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम भावुक क्षणों में संपन्न हुआ व जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर्स को विदाई दी। यह समारोह विद्यालय के लिए एक अविस्मरणीय स्मृति बन गया।



## गांव में किया निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खाड़ादेवरी ने गत दिवस गांव में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया है। गांव के खेड़ापति मंदिर में इस शिविर का आयोजन सेवा सदन बैराढ़ के सहयोग से किया गया।

मित्र संघ समिति सोहागपुर सेक्टर क्रमांक 01 की नवांकुर संस्था ने ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत यह शिविर किया। परिषद बीसी के कड़ोले के मार्गदर्शन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सभी सदस्यों के सहयोग से शिविर संपन्न हुआ। जिसमें सेवा सदन के अधिकारी, शुभम सराठे, कु. शिवानी मेहरा, त्रलोचन पाली, रामसिंह मेहरा ने 67 मरीजों का सफल परीक्षण कराया। ग्राम के स्कूल के 32 विद्यार्थियों का भी नेत्र परीक्षण कराया गया। इस दौरान नवांकुर सेक्टर प्रभारी मंजू पवार ने ग्राम के बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू स्टूडेंट को ग्राम का सर्वे आदि का निर्देश दिया। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ने गांव में 21 पौधे लगाने का संकल्प किया।

## देव प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में किया भजन संध्या आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

ग्राम करनपुर में समाजसेवी हरगोविंद पुर्विया द्वारा निर्मित मंदिर में देव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसमें नियमित धार्मिक आयोजन किये जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार रात भजन संध्या आयोजित की गई। हरगोविंद पुर्विया के अनुसार पूज्य पिता स्व. महेंद्र सिंह गौर की स्मृति में समारोह किया जा रहा है। जिसमें भजन संध्या में ग्राम नगतरा खापा, जमाड़ा, मोकलवाड़ी, नया ढाना चूरना, आमदेही-करनपुर के भजन मंडलों ने देर रात तक प्रभु भजनों की प्रस्तुतियां दी। हरगोविंद पुर्विया व उनके परिजनों ने मंडल प्रमुखों व सदस्यों का अभिनंदन किया। यह आयोजन 11 फरवरी तक होगा। हरगोविंद पुर्विया ने बताया कि 10 एवं 11 फरवरी को पूज्य जगतगुरु शंकराचार्य जी के आशीर्वचन क्षेत्र को प्राप्त होंगे। 11 फरवरी को भंडारा आयोजन किया जाएगा। भजन संध्या में क्षेत्रीय नागरिक, जनप्रतिनिधि व श्रद्धालु उपस्थित हुए।

## सेवानिवृत्त होमगार्ड जवानों ने उठाई बुढ़ापे में सुविधाओं की कमी की आवाज़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



होमगार्ड विभाग में 35 से 40 वर्ष सेवाएं देकर सेवानिवृत्त हुए जवानों की महत्वपूर्ण बैठक नेहरु पार्क में आयोजित हुई। बैठक में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित दिनेश चतुर्वेदी जिलाध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन, शैलेन्द्र नाथ श्रीवास्तव प्रांतीय उपाध्यक्ष,राजेश कुलश्रेष्ठ, रुपेन्द्र गौर, विनोद दुबे के द्वारा मां सरस्वती की फोटो पर फूलमाला पहनाकर दीप प्रज्ज्वलित किया गया ।

शासन द्वारा 35 से 40 वर्ष सेवाएं देने उपरांत जवानों को उनके हाल पर छोड़ दिये जाने मुख्य मुद्दे पर चर्चा की गई । जवान ललित मोहन यादव ने बताया जवानों को बुढ़ापे में जीवन यापन के लिए किसी भी प्रकार की कोई सुविधा नहीं दी गई । शासन से पेंशन एवं सरकार की अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी जवानों को नहीं मिल रही है। जिलाध्यक्ष ने बैठक में बद्री प्रसाद कौरव,प्रेम भारती,शीतल पुरी,हरीश पांडे,भीम मालवी, शिवकुमार जोशी, रामेश्वर मिश्रा, रमेशकुमार, बुद्धराम यादव, कन्हैयालाल चौरे,बद्री प्रसाद चौकसे, रामभरोस ठाकुर, प्रेमनारायण दीक्षित, योगेश शर्मा, हरिप्रसाद, लाल वीर पटेल,चैन सींग, रामलाल, सुरेन्द्र, उम्मेदसिंह, जयराम, सियाराम रघुवंशी सहित अन्य जवान विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कायस्थ समाज की 'मातृ शक्ति' ने संभाली कमान चित्रगुप्त घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां नर्मदा की निर्मलता को अक्षुण्ण बनाए रखने के संकल्प के साथ रविवार को स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। वरिष्ठ समाजसेवी विजय वर्मा एवं अखिल भारतीय कायस्थ समाज (मातृ शक्ति) के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के सदस्यों ने श्रमदान कर घाट को स्वच्छ और सुंदर बनाया।

### फूल-मालाओं और काई की हुई सफाई

नर्मदा जयंती के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित की गई पूजन सामग्री और फूल-मालाएं घाट की सीढ़ियों और किनारों पर जमा हो गई थीं। अभियान के दौरान मातृ शक्ति की सदस्यों ने सक्रियता दिखाते हुए इस कचरे को निकाला और



डस्टबिन में एकत्रित किया। इसके साथ ही, घाट के फर्श पर जमी फिसलन भरी काई को भी साफ किया गया ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में असुविधा न हो। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी और सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी विजय वर्मा ने नागरिकों को प्रेरित करते हुए कहाः मां नर्मदा हमारी जीवनदायिनी हैं। उनके दर्शन मात्र से ही जीवन के कष्ट दूर हो जाते हैं। यह हम सबका नैतिक उत्तरदायित्व है कि हम उन्हें प्रदूषित न होने दें। हमें न केवल खुद कचरा फैलाने से बचना है, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करना है।

## श्री राम जन्म महोत्सव का 63वां वर्ष, होंगे कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदांचल की आस्था के प्रमुख केंद्र श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर में 63वें वर्ष में श्री रामजन्म महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने व्यवस्थाओं और रूपरेखा को लेकर एक बैठक रविवार को मंदिर प्रांगण में हुई। आयोजन अंतर्गत समिति द्वारा 1963 से प्रतिवर्ष श्री रामकथा का आयोजन एवं रामनवमी पर शोभायात्रा चल समारोह की परंपरा रही है। इस वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 19 मार्च गुरुवार से राम नवमी 27 मार्च शुक्रवार तक प्रतिदिन सायं 07 से 10 बजे तक श्रीमद प्रयागपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सारसेटी जी महाराज के मुखारविंद से नगर के श्रद्धालु रामकथा का श्रवणामृत ग्रहण करेंगे। समिति प्रवक्ता भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि बैठक में समिति सचिव अभिषेक तिवारी ने कार्यक्रम की समग्र रूपरेखा बताते हुये बैठक की प्रस्तावना रख सुझाव आमंत्रित किये। उपस्थित सदस्यों ने विचार प्रस्तुत किये। संरक्षक प्रमोद पगारे ने सविस्तार इस वर्ष होने वाले कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न पक्षों पर अपने विचार रखते हुये प्रतिदिन की कथा और चल समारोह में अधिकाधिक संख्या में सहभागिता का आह्वान किया। समिति अध्यक्ष डॉ नीरज जैन ने महोत्सव को लेकर समिति की तैयारी, योजना और संकल्पना को लेकर अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि समिति द्वारा नगर की मंदिर समितियों, धार्मिक व सामाजिक संगठनों सहित नवरात्र देवी प्रतिमा समितियों से भी संपर्क कर इस पावन आयोजन में आमंत्रित किया जायेगा। योजनानुसार चल समारोह भव्य और दिव्य स्वरूप में अखाड़े, डंडा नृत्य, सांस्कृतिक झांकियों के साथ अपने तय मार्ग से निकलेगा।

बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, उपाध्यक्ष विष्णुशंकर पांडे, कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष अमित सेठ, नवनियुक्त संयुक्त सचिव शैलेंद्र दुबे, उपाध्यक्ष देवेंद्र पटेल, पूर्व अध्यक्ष सतीश अग्रवाल सांवरिया, पूर्व सचिव अशोक शर्मा एडवोकेट, मनोज सारन, एम एल गौर, दिनेश सैनी, संदेश अग्रवाल, अक्षय तिवारी, विन्नी जुनेजा, अशोक मालवीय, राजकुमार यादव, प्रह्लाद बंग, देवेंद्र पटेल, दीपक उज्जैनिया, सुरेंद्र राजपूत, सुनील दुबे (शिक्षक) घनश्याम तिवारी सहित समिति के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पुलवामा हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए जय हो समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रविवार को नेहरू पार्क, नर्मदापुरम में जय हो सामाजिक कल्याण समिति द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी 14 फरवरी को पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु आयोजित किए जाने वाले कैंडल मार्च की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं पर चर्चा करना था। बैठक में समिति के सदस्यों ने कैंडल मार्च की समय-सारिणी, मार्ग, अनुशासन, सुरक्षा व्यवस्था एवं जनसहभागिता को लेकर विस्तार से विचार-



विमर्श किया। सभी सदस्यों ने अधिक से अधिक नागरिकों को इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम से जोड़ने का संकल्प लिया, ताकि शहीद जवानों के बलिदान को सम्मानपूर्वक स्मरण किया जा सके। समिति द्वारा शहर के समस्त नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं युवाओं से अपील की गई कि वे 14 फरवरी को सायं 5 बजे आजाद चौक मालाखेड़ी में आयोजित कैंडल मार्च में सहभागिता कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करें। इस दौरान बैठक में डॉ. वैभव शर्मा, लोकेश तिवारी, महेश चौकसे, सागर शिवहरे, अमित महाला, माखन कीर, गोलू राजपूत, पीयूष गुप्ता, विवेक वर्मा, सागर पटेल, संजय मालवीय, सिलटू राजपूत, अजय बावरिया, संतोष मीना, रमेश उपारिया, सुजीत कैथवास, जीतू कीर, नमन दुबे, आशीष सोनी, आशीष दुन्दवि, महेश मौर्य, छोटू तिवारी, मुन्ना वर्मा लोकेश बिश्नोई, जतिन यादव, विशाल बावरिया सहित समिति के समस्त सदस्यगण उपस्तिथ रहे।

## आरडीसी दिल्ली से लौटी सीनियर अंडर ऑफिसर का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में 7 फरवरी 2026 को आरडीसी परेड दिल्ली से लौटी सीनियर अंडर ऑफिसर पूनम धुर्वे का भव्य स्वागत किया गया। पूनम ने आरडीसी दिल्ली 2026 में सहभागिता कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि गांव की बेटी ने कठिन परिश्रम से कर्तव्य पथ पर स्थान बनाया। उन्होंने एनसीसी को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और देशप्रेम का प्रतीक बताया। इस अवसर पर डॉ. कीर्ति दीक्षित, शैलेंद्र तिवारी सहित समस्त प्राध्यापकगण, स्टाफ एवं कैडेट्स ने शुभकामनाएं दीं।

### पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे ने मेधावी सितारों को नवाजा, सेवा के संकल्प के साथ वार्षिक उत्सव संपन्न

# नर्मदांचल के आंगन मे गूंजा लोणारी कुनबी समाज का शक्ति प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के पावन खर्राघाट स्थित माता हिंगलाज देवी के प्रांगण में नर्मदांचल क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज विकास समिति का वार्षिक अधिवेशन वीरता, सेवा और सम्मान के संगम के रूप में मनाया गया। माँ नर्मदा की छत्रछाया में आयोजित इस गरिमामयी समारोह ने न केवल सामाजिक संगठन की शक्ति दिखाई, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का नया मार्ग भी प्रशस्त किया। इस मौके पर सिल्वर मिस्ट रेंटल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सहयोग से बच्चों को बैग वितरित किए गए।

### प्रतिभाएं ही समाज की असली विरासतः सुखदेव पांसे

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पूर्व कैबिनेट



मंत्री माननीय सुखदेव पांसे ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का आगाज किया। उन्होंने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि ₹लोणारी कुनबी समाज का इतिहास संघर्ष और पुरुषार्थ का रहा है। आज जब हमारे बच्चे तैराकी में गोल्ड मेडल जीत रहे हैं या कठिन चिकित्सा परीक्षाओं (एमबीबीएस) को पास कर डॉक्टर बन रहे हैं, तो यह सिद्ध होता है कि हमारी असली पूंजी हमारी युवा पीढ़ी है।₹ उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज की प्रगति का पैमाना उसकी शैक्षणिक और खेल उपलब्धियां ही हैं।

### सम्मान से गौरवान्वित हुए समाज के 'रत्न'

समिति ने इस मंच से समाज के उन युवाओं को सम्मानित किया जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। यशवर्धन देशमुख- तैराकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर समाज का नाम रोशन करने पर इन्हें 'विशेष गौरव सम्मान' से नवाजा गया। कुमारी लक्ष्मी माथनकर एवं कुमारी राशि खाड़ेः चिकित्सा शिक्षा (एमबीबीएस) के लिए चयनित होने पर इन्हें सफलता का प्रतीक मानते हुए सम्मान पत्र भेंट किया गया। समारोह के दौरान सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए डॉ. राजेश महेश्वरी एवं उनकी टीम (रेड क्रॉस सोसाइटी) द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। डॉ. महेश्वरी ने लगभग 100 से अधिक बंधुओं का परीक्षण कर उन्हें जीवनशैली में बदलाव, नियमित योग और सुबह-शाम भ्रमण करने की सलाह दी। वहीं, राष्ट्रीय गायिका सुश्री देशमुख की सुरीली और देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और राष्ट्रवादी ऊर्जा से भर दिया। समिति के अध्यक्ष डॉ. एन.आर. अडलक ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए समाज के भविष्य का रोडमैप साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी माननीय हेमंत वागद्रे ने की, जिन्होंने समाज को एकजुट रहने का मंत्र दिया। समारोह को सफल बनाने में निम्नलिखित वरिष्ठ जनों और पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विशिष्ट अतिथि तुलसीराम गायकवाड़, जे.एन. धोटे, गोलू झारबडे और प्रकाश, समिति पदाधिकारी सचिव विजय कुम्भारे आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक कल

**हरदा।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 10 फरवरी को होगी। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन ने बताया कि यह बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह की अध्यक्षता में 10 फरवरी कोजिला पंचायत के सभा कक्ष में दोपहर 3 बजे आयोजित की गई है। बैठक में लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

### शांति समिति की बैठक कल आयोजित होगी

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में आगामी महाशिवरात्री, होली, रंगपंचमी, गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्री, चेती चांद, ईद-उल-फितर, श्रीराम नवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, गुड फ्रायडे, डॉ अम्बेडकर जयंती, परशुराम जयंती, बुद्ध पूर्णिमा, ईदुज्जुहा और मोहर्रम आदि त्योहारों को शान्ति पूर्वक मनाये जाने के उद्देश्य से 10 फरवरी को दोपहर 03 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है।

### श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा 8 को

**सीहोर।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जिला उत्कृष्ट व मॉडल स्कूल एवं श्रमोदय आवासीय प्रवेश चयन परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 8 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर 1 बजे तक चलेगी। श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा में कुल 2 हजार 870 विद्यार्थी एवं जिला उत्कृष्ट/मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा में 80 हजार 699 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल 386 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट www.mpsos.nic.in पर अपलोड कर दिए गए हैं। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि सभी परीक्षार्थी समय रहते अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें तथा निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बोर्ड द्वारा कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है। किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए अभ्यर्थी दूरभाष पर संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

### स्टेट फॉरेस्ट कॉल सेंटर स्थापित, शिकायतों पर होगी त्वरित कार्रवाई

**सीहोर।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन एवं वन बल प्रमुख बी.एन. अम्बाडे द्वारा 26 जनवरी को वन विभाग से संबंधित शिकायतों पर क्विक एक्शन और उनके त्वरित निराकरण के लिये स्टेट फॉरेस्ट कॉल सेंटर वन मुख्यालय, वन भवन तुलसीनगर भोपाल में स्थापित किया गया। कॉल सेंटर के दूरभाष नंबर 0755-2524000, 2524200 पर नागरिक वन विभाग से संबंधित शिकायतें दर्ज करा सकेंगे।

### रुद्राक्ष महोत्सव में आएंगे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ विश्व प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर आगामी 14 फरवरी से होने वाले भव्य ऐतिहासिक रुद्राक्ष महोत्सव में देश और विदेश में सनातन धर्म को रोशन करने वाले अनेक संतों के आने स्वीकृति मिली है। इस महाकुंभ में 17 फरवरी को बागेश्वरधाम के प्रसिद्ध कथा वाचक धीरेन्द्र शास्त्री और 19 फरवरी को कथा वाचक पंडित देवकीनंदन ठाकुर भी शामिल होंगे। कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर महाराज एक प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक हैं, जो भारत और विदेशों में सनातन धर्म के प्रचार और भागवत कथा के लिए जाने जाते हैं। इन संतों के लिए समिति और प्रशासन ने विशेष कारिडोर का निर्माण किया है। इसके अलावा प्रशासन और समिति के द्वारा आगामी भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां पूर्ण की गई है।

---

### 148वां प्रकट दिवस मनाया, शोभायात्रा में दिखी संस्कृति की झलक

# पानतलाई में श्रद्धा भक्ति से निकाली गई गजानंद महाराज की शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏩ हरदा

हरदा जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर स्थित पानतलाई गाँव के गजानन महाराज कुटी परिसर में, रविवार को श्री गजानन महाराज का 148वां प्रकट दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान गजानंद महाराज की भव्य शोभायात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन का आयोजन मोहनलाल गौर द्वारा किया गया, जिसमें पानतलाई सहित आसपास के गाँवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियों का भी आयोजन हुआ, जिसमें श्री गजानन महाराज पालकी, धर्म ध्वजा, काली जी का रौद्र रूप, रानी लक्ष्मीबाई एवं शिवाजी महाराज की घुड़सवारी, भूतों की टोली, तथा राधा-कृष्ण नृत्य झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। आयोजक मोहनलाल गौर ने बताया कि यह आयोजन बाबा के प्रकट उत्सव पर हर साल किया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः विधिविधान से हवन-पूजन के साथ हुई, जिसमें विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार किया गया। हवन-पूजन के पश्चात भगवान गजानंद महाराज की शोभायात्रा गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ गाँव के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। शोभायात्रा में पुरुष, महिलाएँ, बुजुर्ग एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बन गया।

शोभायात्रा का समापन मंदिर परिसर में हुआ, जहाँ श्रद्धालुओं द्वारा भगवान गजानंद महाराज की विशेष आरती की गई। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। कार्यक्रम के अंतिम चरण में भंडारा एवं भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन स्थल पर अनुशासन एवं व्यवस्था बनाए रखने में आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी भी उपस्थित रहे।

## अहिरवार समाज ने शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली शोभायात्रा

**हरदा।** जिले में रविवार को संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में आदर्श अहिरवार समाज ने शहर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली। इस शोभायात्रा में समाज के सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डीजे की धुन पर युवाओं और महिलाओं ने नृत्य किया, जबकि अन्य समाजजन संत रविदास के जयकारे लगाते हुए चले। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण संत रविदास के जीवन से जुड़ी झांकियां रहीं।

आदर्श अहिरवार समाज के अध्यक्ष रामस्वरूप निवारे के नेतृत्व में समाज के लोगों ने संत रविदास चौक पर उनकी प्रतिमा का पूजन और माल्यार्पण किया। शोभायात्रा खेड़ीपुरा के संत रविदास चौक से शुरू होकर घंटाघर चौक होते हुए नारायण टॉकीज चौक से अंबेडकर चौक पहुंची। यहां समाज के पदाधिकारियों ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित की। इसके बाद शोभायात्रा नई सब्जी मंडी होते हुए पॉलिटेक्निक महाविद्यालय पहुंची। आदर्श अहिरवार समाज संगठन के जिलाध्यक्ष निमारे ने बताया कि संत रविदास जयंती के अवसर पर समाज ने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने शिक्षित युवाओं की बेरोजगारी पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से आरक्षित वर्ग के लोगों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने की मांग की। पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित जयंती महोत्सव समारोह के दौरान समाज के बुजुर्गों और प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया, ताकि अन्य बच्चों को भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सके।

### जिले के ट्रांसमिशन को मिली मजबूती

## सबस्टेशन हंडिया में 200 एमवीए का ट्रांसफार्मर किया ऊर्जीकृत



हरिभूमि न्यूज ⏩ हरदा

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने हरदा जिले के ट्रांसमिशन नेटवर्क को सुदृढ़ करते हुए अपने 220 केवी सबस्टेशन हंडिया में नया 200 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर उसे सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इस उपलब्धि पर एमपी ट्रांसको को बधाई देते हुए कहा कि इस परियोजना से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति और अधिक सुदृढ़, विश्वसनीय एवं निर्बाध होगी।

उन्होंने एमपी ट्रांसको के अधिकारियों, अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य प्रदेश के औद्योगिक, कृषि एवं समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एम पी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश शांडिल्य ने जानकारी दी कि यह ट्रांसफार्मर पुराने 160 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर के स्थान पर पुरानी फाउंडेशन पर ही अधिक क्षमता के नये 220/132/33 केवी, 200 एम वी ए पावर ट्रांसफार्मर को स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया है ।

इस स्थापना के पश्चात सबस्टेशन की कुल क्षमता 480 एमवीए से बढ़कर 520 एमवीए हो गई है। हरदा जिले में एमपी ट्रांसको अपने कुल 4 एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है, इसमें 220 के.व्ही के 1 , 132 के.व्ही. के 3 सबस्टेशन शामिल है, जिनकी कुल ट्रांसफारमेशन क्षमता बढ़कर अब 879 एम.व्ही.ए. की हो गई है। 220 के वी सबस्टेशन में इस पावर ट्रांसफार्मर के उर्जीकृत होने से सबस्टेशन से जुड़े हरदा, खातेगांव, कन्नौद, सुल्तानपुर, गोपालपुर, नसरुल्लागंज, सतवास, फतेहाबाद क्षेत्र लाभान्वित होगें।

### अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

## 32 लीटर हाथ भट्टी शराब व 830 किलो महुआ लाहन जब्त किया, 10 प्रकरण दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏩ हरदा

आगामी महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर चारुवा में आयोजित होने वाले मेले को दृष्टिगत रखते हुए आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध सघन छापामार कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग के दल ने शनिवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। दल ने लाल स्कूल के पास, खेडीपुरा, मसनगांव, वार्ड क्रमांक 05 खिरकिया, वार्ड क्रमांक 06 खिरकिया एवं चारूवा क्षेत्र में दबिश दी गई।

कार्रवाई के दौरान कुल 32 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 830 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर मौके पर नष्ट कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत कुल 10 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। साथ ही 2 प्रकरणों में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 89,400 रुपये बताया गया है।

### घेराबंदी कर पकड़ा, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया

## पुलिस की कार्रवाई, तस्कर से 15 हजार का गांजा जब्त, कोर्ट से आरोपी को जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏩ हरदा



सिविल लाइन थाना पुलिस ने अवैध गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 223 ग्राम गांजा और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। जब्त मशरूका की कुल कीमत 1 लाख 15 हजार रुपये बताई गई है। रविवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सिविल लाइन थाना टीआई आर एस तिवारी ने बताया कि शनिवार रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि खंडवा रोड पर एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। खबर थी कि उसके पास अवैध गांजा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर मानपुरा निवासी रोशन खलीफा (59) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 223 ग्राम गांजा (कीमत 15,000 रुपये) और पल्सर बाइक क्रमांक टढ 47 टख 5766 (कीमत 1 लाख रुपये) जब्त की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, रोशन खलीफा आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पहले भी एनडीपीएस सहित अन्य धाराओं में कई मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में टीआई रामसुमेर तिवारी, एएसआई संजय ठाकुर, प्रधान आरक्षक विजय प्रजापति, आरक्षक वीरेंद्र राजपूत, सैनिक सूरज पासी और संतोष ओझा की विशेष भूमिका रही।

## महिला कांग्रेस ने फूंका राजस्व मंत्री करण सिंह का पुतला

**सीहोर।** भाजपा के मंत्री विजय शाह के बाद अब राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने भी लाड़ली बहनों को खुलेआम धमकी दी है। गुरुवार को सीहोर के इछावर विधानसभा क्षेत्र के धामंदा में मंत्री वर्मा ने सीईओ को निर्देश दिया कि सभी लाड़ली बहनों को हमारे कार्यक्रम में बुलाया जाय और जो नही आयें तो योजना की सूची में से उनका नाम काट दिया जाये वाली धमकी पर लाड़ली बहनों के मान सम्मान को काफी आघात पहुंचा है, इसी के विरोध में



शनिवार को नया बस स्टेण्ड सीहोर में महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर के नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती की विशेष उपस्थिति में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का पुतला फुंका गया एवं करण सिंह वर्मा मुर्दाबाद, करण वर्मा इस्तिफा दो के गगन भेदी नारे लगाये गये। इस मौके पर महिला कांग्रेस गुलाब ठाकुर ने बयान जारी कर कहा कि लाड़ली बहनों के खाते में पैसे डालने से लाड़ली बहना भाजपा की गुलाम नही बन गई है और उनको जो पैसा डाला जा रहा है, वह जनता के से वसूला जा रहा टेक्स का पैसा है, भाजपा के मंत्रियों की जैब का नही, जो आप खुले मंच से हमारी लाड़ली बहने आपके कार्यक्रम में नही आने पर उनका योजना से नाम काटने की धमकी दे रहे हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की अराजक सरकार के अहंकारी नेता ऐसे पेश आ रहे हैं, जैसे योजनाओं का पैसा सरकारी नहीं, उनकी निजी संपत्ति हो। लाड़ली बहना योजना किसी नेता की मेहरबानी नहीं, बहनों का अधिकार है। क्या ऐसे बयान देकर करण सिंह वर्मा स्वयं को कैलाश विजयवर्गीय, विजय शाह की श्रेणी में लाना चाहते हैं।

## शक में युवक का अपहरण, नग्न कर पीटा

### लड़की भगाने के शक में नाइलोन की रस्सी से बांधा, गंभीर हाल अस्पताल में भर्ती

**सीहोर।** जिले के बिलकिसगंज थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ बेहद सनसनीखेज घटना घटी। अरविंद मीणा नामक युवक अपने गेहूं के खेत में पानी दे रहे थे कि तभी आरोपियों ने उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों ने गंदी गालियों के साथ नायलोन की रस्सी से बांधकर उनकी हवस और क्रूरता की सारी हदें पार कर दी। यह वारदात किसी बहन या बेटी को भगाने के शक में की गई थी।

घटनास्थल से ही आरोपी युवक को जबरन सफेद बोलेरो में डालकर ले गए। युवक को गांव बिरजिसनगर ले जाकर सड़क पर नंगा कर डंडों और मुक्कों से बेरहमी से पीटा गया। आरोपियों ने उनके हाथों, पीठ और शरीर पर बेरहमी से वार किए। घटना तब तक जारी रही जब तक कि युवक बेहोश नहीं हो गया। इस दौरान आसपास के लोग हादसे का शिकार युवक को पहचानने की कोशिश कर रहे थे लेकिन आरोपी तेजी से फरार हो गए।

पीड़ित की हालत गंभीर होने के कारण उसे तुरंत डायल 112 के माध्यम से इछावर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बिलकिसगंज थाना प्रभारी संदीप मीणा ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पीड़ित युवक अरविंद मीणा के बयान पर छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। आरोपियों के नाम गौतम मेवाड़ा, घीसीलाल मेवाड़ा, भवानी, रोशन, पुरुषोत्तम और एक अन्य का नाम बताए गए हैं।

# नारायण विहार कॉलोनी के पास नहीं है 'विकास अनुमति' खरीदार कॉलोनी में प्लॉट खरीदने से पहले जांचें हकीकत

### कॉलोनाइजर को तहसीलदार ने थमाया नोटिस, खेत पर काटी जा रही है कॉलोनी, विकास अनुमति के बिना ही बेचे जा रहे आवासीय प्लॉट

### कलेक्टर के आदेश पर जिले में अवैध कॉलोनाइजरों की सूची तैयार

**सीहोर।** जिला मुख्यालय पर रेलवे पटरियों के पास विकसित की जा रही नारायण विहार कॉलोनी प्रशासन की जांच के दायरे में आ गई है। नियमों को ताक पर रखकर बसाई जा रही इस कॉलोनी के पास अनिवार्य विकास अनुमति नहीं है। ऐसे में इस कालोनी में प्लॉट लेने वाले लोगों को अपनी मेहनत की गाड़ी कमाई यहां लगाने से पहले जरुरी अनुमतियां जरुर देख लेना चाहिए।

बता दें नरेन्द्र नगर स्थित रेलवे पटरियों के पास नारायण विहार नाम की कालोनी काटी जा रही है, जिस जगह यह कालोनी काटी जा रही है, वहां पहले खेत था, लेकिन कुछ दिनों बाद यहां हरियाली की जगह क्रंकीट नजर आएगा। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि कालोनाइजर ने विकास अनुमति नहीं ली है। इस बात का खुलासा स्वयं तहसीलदार



अमित सिंह ने किया है कि कॉलोनाइजर ने जमीन का डायवर्जन तो करा लिया, लेकिन टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और विकास अनुमति नहीं ली। इसे लेकर प्रशासन ने नोटिस जारी कर दिया है।

### कलेक्टर ने जारी किए यह आदेश

गौरतलब है कि कलेक्टर बालागुरू के. ने 3 दिसंबर 2025 को जारी पत्र क्रमांक 62 के जरिए जिले के सभी राजस्व अधिकारियों और नगर पालिका अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जिले में बिना अनुमति के बन रही अवैध कॉलोनियों की जांच कर एक सप्ताह में सूची प्रस्तुत करें। इसी आदेश के बाद अब पूरे जिले में हडक़ंप मचा हुआ है।

### झरखेड़ा-दोराहा में भी अवैध कॉलोनियों का जाल

नारायण विहार के साथ-साथ झरखेड़ा और दोराहा क्षेत्र में भी अवैध कॉलोनाइजरों ने अपना जाल फैला रखा है। यहां तहसीलदार एसआर देशमुख ने डेड़ दर्जन ऐसे कॉलोनाइजरों की सूची तैयार की है, जो रसूख के दम पर बिना किसी वैधानिक अनुमति के प्लॉट बेच रहे हैं।

### इन कॉलोनाइजरों ने तांक पर रखे नियम

प्रशासन द्वारा झरखेड़ा में तैयार की गई सूची में नासिर इस्लाम, इनाम उल्ला, अक्सा अली, संगीता, अमान उल्ला, रेहान खान, सैयद कमर अली, मोहन पाटीदार, भूपेंद्र पाटीदार, फूल सिंह, इशाक अली, गुलाब सिंह, झनक सिंह और मुकर्रम जैसे नाम शामिल हैं। आरोप है कि इन्हें कुछ प्रभावशाली जनप्रतिनिधियों का संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण बुनियादी सुविधाओं सडक़, बिजली, पानीद्ध के बिना ही कॉलोनी काट दी गई।

### प्लॉट खरीदने से पहले यह जरूर देखें

कालोनाइजर लाइसेंसः जिला कलेक्टर कार्यालय से जारी लाइसेंस।
टाउन एंड कंट्री प्लानिंग टी एंड सीपी मंजूरीः नक्शा पास होना अनिवार्य है।
विकास अनुमतिः स्थानीय निकाय से बिजली, पानी और ड्रेनेज विकास की अनुमति।
रेरा पंजीयनः मध्य प्रदेश रेरा में रजिस्ट्रेशन के बिना प्लॉट बेचना गैरकानूनी है।
एनओसीः नजूल विभाग और पर्यावरण विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र।

### जल्द कार्रवाई की जाएगी

नरेन्द्र नगर में काटी जा रही नारायण विहार के पास विकास अनुमति नहीं है, सिर्फ डायवर्जन है। कालोनाइजर को नोटिस जारी किया गया है। जल्द कार्रवाई की जाएगी। वहीं कलेक्टर के निर्देशानुसार बिना विकास अनुमति के काटी गई कालोनियों की सूची तैयार कर भेज दी गई है। आगे की कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों को करना है।

**अमित सिंह,** तहसीलदार सीहोर शहर